हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 सितंबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 भाजपाइयों ने देखा पीएम का मन की बात कार्यक्रम

07 राधा अष्टमी पर निकाली गई शोभायात्रा, राधे राधे ...


**खबर संक्षेप**

### जिले में जारी है श्री गणेशोत्सव



**नर्मदापुरम।** जिले भर में गुरूवार से शुरू हुए गणेशोत्सव निरंतर जारी है। गली मोहल्लों सहित भगवान गजनान की आराधना की जा रही है। वहीं गणेश उत्सव समितियों द्वारा नित्य नए धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कियवहीं नर्मदापुरम नगर में गणेश चतुर्थी पर शहर के अनेकों स्थानों पर भगवान गणेश की स्थापना हुई।

### श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर करा सकते है पंजीयन

**नर्मदापुरम।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गिग वर्कर्स, प्लेटफार्म श्रमिक और अन्य असंगठित श्रमिकों के लिए पंजीयन अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 25 अगस्त से प्रारंभ हुआ है और 5 सितंबर तक चलेगा, जिसमें श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। श्रमिक पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए श्रमिक अपने मोबाइल के माध्यम से या सीएससी पर संपर्क कर सकते हैं।

### मौसम विभाग का अनुमान आने वाले दिन में हो सकती है तेज बारिश

# नर्मदांचल में जमकर बरस रहे बदरा अब तक हो चुकी 1107.5 मिमी वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को नर्मदांचल के अनेक हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। वहीं आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने जिले मे बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले नर्मदापुरम मे पिछले एक सप्ताह से बारिश का मौसम बना हुआ है हालाकि कभी कभी धूप भी निकल रही है। वहीं रविवार सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग ने जिले के कई हिस्सों में आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई है। बारिश के कारण मौसम में हल्की ठंडक घुल गई है और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी ओर किसानों ने जिले मे हो रही बारिश को लेकर खुशी जाहिर की है। और बताया है कि खरीफ के सीजन के लिए यह बारिश फायदेमंद है।

जिले में मानसून की मेहरबानी जारी है। रविवार शाम को तेज बारिश ने वातावरण में ठंडक घोल दी। करीब डेढ़ घंटे की बारिश से शहर की सड़कों और कालोनियों में जलभराव की समस्या उपतपन्न हुई।



### करीब डेढ़ घंटे तक बरसा तेज पानी

रविवार शाम करीब 6 बजे अचानक गरज और चमक के साथ तेज बारिश दर्ज की गई। इससे शहर की सड़के पानी से लबालब भर गई। बारिश करीब डेढ़ घंटे तक होती है जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी और अधिक बारिश हो सकती है।

### जिले में अब तक 1107.5 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में अब तक में 1107.5 मिमीऔसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1038.9 मिमीऔसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 30 अगस्त से 31 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 1.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 2.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.6 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 1.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 3.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 4.1 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिमीवर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 941.90 फीट है, तवा जलाशय का 1164.40 फीट है, बरगी जलाशय का 422.76 मीटर एवं बारना जलाशय 348.23 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है। लगातार बारिश के चलते तवा डैम का जलस्तर 1164.40 फीट तक पहुंच गया है, जो लगभग लबालब स्थिति में है। डैम के 13 गेटों में से 3 गेट दो-दो फीट खोले गए हैं, जिससे करीब 10,542 क्यूसेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा है।

### बंगाल की तरफ बना सिस्टम जो करा रहा बारिश

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन राजस्थान के बीकानेर से छत्तीसगढ़ और बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। इसके साथ ही दक्षिण मप्र की ओर एक ऊपरी हवाओं का चक्रवात भी सक्रिय है, जिसके चलते जिले में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में जिले में अच्छी बारिश हो सकती है।

## महिला से झाड़ फूंक के नाम पर की ठगी, अरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में विवेकानंद घाट के पास कोठी बाजार में मॉर्निंग वॉक पर निकली एक बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी हुई। दो युवकों ने बेटे के इलाज के लिए झाड़फुंक करने के नाम पर महिला के सोने के जेवर उतरवा लिए और भाग गए। जिसके बाद महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी। वारदात से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। धोखाधड़ी करने वाले युवकों की तलाश शुरू की। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। टीम आरोपियों की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी त्रिवेणी पति राजाराम यादव (63) निवासी भारत पेपर वाली में रहती है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वो सुबह करीब 6.30बजे घूमने और फूल लेने के लिए निकली थी। विवेकानंद घाट के पास एक युवक मिला। जिसने मुझसे स्वास्थ्य शिविर का पूछा। फिर बातों में बहलाते हुए मुझसे कहा कि आपके बेटे के सिर में दर्द रहता है। आप चाहे तो उसका समाधान करवा सकते है।

युवक ने महिला से कहा कि इलाज के लिए आपको मैं चांदनी के पेड़ की दो पत्तियां मंत्र पढ़कर दूंगा। उससे वो ठीक हो जाएगा। बुजुर्ग महिला उसके बहकावे में आ गई। फिर उसने थोड़ी दूर एक गली में ले जाकर चांदनी के पेड़ से पत्तियां तोड़कर ले गया। जहां उसका एक ओर साथी आ गया। फिर ठग ने कहा कि तुमने सोने के जेवर पहने है, मंत्र ऐसे में काम नहीं करेंगे। महिला ने सोने के कड़े, मंगलसूत्र, चेन और अंगूठी उतारकर ठग के दूसरे साथी को दें दिए। फिर आरोपी ने कहा कि मैं मंत्र पढूंगा, तब तक आप आंखें बंद रखे। कुछ देर बाद महिला ने जैसे ही आंखे खोली तो देखा दोनों युवक बाइक से भाग रहे थे। महिला ने चिल्लाया, लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले। कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया बेटे के इलाज के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। युवकों ने बुजुर्ग से सोने के जेवर उतरवाएं। आरोपियों की तलाश के लिए अलग अलग टीमें बनाई है। शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों को खोजा जा रहा है।

## उपचार के लिए 8 लाख 95 हजार रु. की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की स्वेच्छानुदान मद से उपचार के लिए जिले के 22 हितग्राहियों को कुल 08 लाख 95 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनखेड़ी निवासी श्री प्रवीण कुमार एवं नर्मदापुरम निवासी विजय कामले को 15-15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार नर्मदापुरम निवासी अब्दुल हमीद खान सिवनी मालवा निवासी अंजलि को 20-20 हजार रुपए, चांदौन निवासी शिवेंद्र कुमार को 25 हजार रुपए, पिपरिया निवासी विजय सिंह साहू, सिवनी मालवा निवासी कृष्णा बाई, नर्मदा पुरम निवासी बेबी ऑफ फायजा खान, सिवनी मालवा निवासी मंजू यदुवंशी, डॉलर या निवासी प्रेम बाई को, बनखेड़ी निवासी धन सिंह किरार एवं नर्मदापुरम निवासी दीप्ति तिलोतिया को 30-30 हजार रूपए, पिपरिया निवासी मनोज कुमार, नर्मदापुरम निवासी ऋषभ तिवारी, निवासी मनोज चौरसिया, माखननगर निवासी इशरत खान, मालनवाड़ा आदि को राशि स्वीकृत हुई है।

## नपा करा रही जीर्णोद्धार, नए लुक में दिखेगा जयस्तंभ

**1 लाख से होगा कार्य, मार्बल भी लगाए जाएंगे, सड़कें होंगी यातायात भी हो सुगम हो सकेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नगर में नगरपालिका द्वारा विकास के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। नगर के बीचों बीच स्थित जयस्तंभ चौका का नगरपालिका द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जयस्तंभ के नवनिर्माण की मांग वर्षों से स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही थी। इस कार्य की व्यापारीगणों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है।


नगरपालिका के उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर जयस्तंभ का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। पाराशर ने बताया कि एक लाख रुपए की राशि जयस्तंभ



का जीर्णोद्धार होगा जिसमें मार्बल भी लगाए जाएंगे। जीर्णोद्धार के बाद सड़क चौड़ी भी हो जाएगी। जिससे यातायात सुगम होगा। धार्मिक आयोजन के दौरान इस मार्ग पर यातायात का दबाव अत्याधिक हो जाता था, जिससे यातायात अव्यस्थित हो जाती थी।

श्री किराना व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे ने जयस्तंभ के जीर्णोद्धार कार्य पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। जयस्तंभ की रोटरी छोटी हो जाने से सड़क चौड़ी हो जाएगी जिससे यहां का यातायात व्यवस्था सुगम होगा। हमने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव से मांग की है कि वे यहां एक पार्किंग बनाएं जिससे व्यापारीगणों के वाहन खड़े हो सकें।

### चलती ट्रेन से गिरकर महिला की मौत, सोनतलाई स्टेशन के करीब मिला शव



नर्मदापुरम। शनिवार शाम नर्मदापुरम के सोनतलाई रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने के कारण एक महिला की मौत हो गई। हादसा शाम करीब 7 बजे उस वक्त हुआ, जब महिला ट्रेन के शौचालय की ओर जा रही थी और संतुलन बिगड़ने पर कोच के गेट से नीचे गिर गई। मृतका की पहचान नीलम देवी (55), पति रमेश सिंह कुर्मी निवासी धर्मचक दरियापुर, जिला छपरा, बिहार के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ 07652 छपरा-जालना स्पेशल एक्सप्रेस से सूरत, गुजरात जा रही थीं। रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि हादसे के समय ट्रेन बागरा और सोनतलाई के बीच थी। महिला के गिरने की जानकारी मिलते ही यात्रियों ने शोर मचाया, जिसके बाद सोनतलाई स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और रात के अंधेरे में ट्रैक पर करीब 3 किमी पैदल चलकर महिला को खोजा। महिला मृत अवस्था में रेलवे ट्रैक पर मिली। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। रामपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। घटना से ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों में भी हड़कंप मच गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से चलती ट्रेन में विशेष सतर्कता बरतने और कोच के दरवाजों के पास सावधानी से चलने की अपील की है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के समापन पर हुआ साइकिल रैली का आयोजन, विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस 29 से 31 अगस्त तक मनाया गया। इसके अन्तर्गत रविवार को साईकिल रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम खेल एवं युवा कल्याण विभाग नर्मदापुरम एवं जिला भोपाल साईकिल एसोसिएशन विशाल सिंह सेंगर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम के सामने प्रतिभागियों को जुम्मा डांस कराया, तत्पश्चात कलेक्ट्रेट गेट तक रैली को मुख्य अतिथि मनोज शर्मा सांसद प्रतिनिधि प्रदेश कार्य समिति भाजपा एवं किसान मोर्चा मध्य प्रदेश , जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, वंदना रघुवंशी एवं विशाल सिंह सेंगर सचिव साईकिल एसोसिएशन भोपाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया, रैली के उपरांत प्रतिभागियों को स्वपहार देकर समापन किया।

कार्यक्रम के इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश उपरारियां नर्मदापुरम, शुभम सिंह ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष साइकलिंग एसोसिएशन भोपाल, हरि ,गृह विज्ञान महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर धर्मेंद्र गुर्जर,ब्लॉक समन्वयक खेल विभाग महेंद्र पचलानिया, एसएनजी स्कूल के प्राचार्य संदीप शुक्ला, हॉकी कोच जयसिंह भदौरिया पवन कुमार हैंडबॉल कोच ऑस्कर ऐरिन मोजिस, सेठ गुरुप्रसाद स्कूल, शांतिनिकेतन, एसएनजी स्कूल, एवं अन्य स्कूलों के विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## समेरिटन्स स्कूल के खेल प्रभारी खंपरिया बने आब्जर्वर




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीबीएसई द्वारा 12वीं एथलेटिक्स क्लस्टर मीट ग्वालियर के लिए समेरिटंस स्कूल के खेल विभाग के प्रभारी सचिन खम्परिया को ऑब्जर्बर बनाया गया है। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के कई स्कूलों ने सहभागिता की। उनकी नियुक्ति पर विद्यालय संचालन समिति सहित प्राचार्य प्रेरणा रावत और अन्य सहकर्मियों ने बधाई दी।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे तीन दिवसीय खेलों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन नर्मदापुरम में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन सर के द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसी के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गणों एवं विद्यार्थियों ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, के लिए लाभकारी है, बल्कि टीम भावना ,अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त अध्यापक गणों में अपना सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 8 दिन के अवकाश के बाद फिर काम पर लौटे एसटीआर के हाथी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में रविवार को 8 दिन चला हाथी महोत्सव खत्म हो गया। 24 अगस्त से शुरू हुए इस पुनर्यौवनीकरण शिविर में हाथियों को केवल आराम कराया गया और उनकी पसंदीदा दावत परोसी गई। सोमवार से सभी 7 हाथी फिर से अपने काम पर लौटेंगे। समापन अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एल. कृष्णमूर्ति पहुंचे। इस दौरान 7 हाथियों के महावत और चारा कटरों को प्रशस्ति पत्र, वर्दी, हेलमेट, जूते, प्रेशर कुकर, बैग, मोबाइल पाउच और रेनकोट देकर सम्मानित किया गया। फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि महोत्सव मढ़ई में लगाया गया था। इस दौरान न तो हाथियों से कोई काम लिया गया और न ही जंगल भ्रमण कराया गया। उन्हें गन्ना, केला, गुड़, नारियल, पपीता, चना और रोटी जैसी पसंदीदा चीजें खिलाई गईं।

**जैन समाज मना रहा है पर्यूषण पर्व**

## सत्य को आत्मसात करना मोक्ष की राह का पहला कदम : पं. शीलचंद जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर तारण तरण जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व का चतुर्थ दिवस रविवार को 'उत्तम सत्य धर्म' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठाचार्य पं. नीलेश जैन व दीपक जैन के निर्देशन में प्रातःकालीन तीन बत्तीसी एवं दशलक्षण पाठ का आयोजन किया गया। पर्यूषण पर्व के दौरान विदिशा से पधारे प्रवचनकर्ता पं. शीलचन्द जैन नियमित ही दशलक्षण धर्मों पर सारगर्भित एवं प्रेरक उद्बोधन दे रहे हैं। रविवार को पं. शीलचंद जैन ने सत्य धर्म पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि ₹सत्य को आत्मसात करना मोक्ष की राह का पहला कदम है। साथ ही उन्होंने



सहनशीलता, धैर्य और विवेक को जीवन में धारण करने का संदेश दिया। सोहागपुर तारण समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि प्रवचनों के उपरांत समाज के नागरिकों की उपस्थिति में संगीतमय बृहत मंदिर विधि, भजन और प्रभावना वितरण का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि संध्या सत्र में लघु मंदिर विधि, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। सभी सत्रों में समाजजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे हैं।

## अभा कायस्थ मातृशक्ति ने की चित्रगुप्त घाट पर साफ सफाई, नागरिकों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुर

शहर में अखिल भारतीय कायस्थ मातृशक्ति ने रविवार को चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया । इस अभियान में नर्मदा किनारे घाटों की साफ-सफाई की गई और कचरे को डस्टबिन में डाला गया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव सेवा निवृत्त प्राचार्य ने कहा कि यह पहल अनुकरणीय है और सभी लोगों को इसमें शामिल होना चाहिए। मां नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए समाज ने बीड़ा उठाया है और लगातार अभियान चलाया जा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नर्मदा पुरम में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को समझाइए देना चाहिए इसके साथ ही हमें नर्मदा में केमिकल का उपयोग नहीं करना चाहिए और इसकी साफ सफाई रखें जिससे पर्यावरण साफ और शुद्ध हो सके। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मातृशक्ति की अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि हम लगातार घाटों की सफाई कर रहे हैं और लोगों से भी आव्हान कर रहे हैं कि वह इसमें जुड़ें और हमारे नर्मदा पुरम की शान नर्मदा को साफ-साफ और अच्छा रखें। नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। सभी को इसमें योगदान



करना चाहिए। इस मौके पर अभय वर्मा, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव अशोक वर्मा, सी बी खरे, केशव देव वर्मा, विजय वर्मा, आदित्य , लालता प्रसाद, मंजू श्रीवास्तव ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, वर्मा, अदिती वर्मा, रितु श्रीवास्तव रश्मि सक्सेना आदि शामिल हुए।

### साफ सफाई में साथ आएं

समाज के लोगों ने सभी से सहयोग की अपील की है उन्होंने कहा कि घाटों पर साफ-सफाई रखें और कचरे को डस्टबिन में डालें। लोगों को नर्मदा में केमिकल, साबुन, सोडा और फूल-माला नहीं डालने के लिए जागरूक कर। नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की गई।

## खबर संक्षेप

### एकल अभियान संघ बैतूल की मासिक बैठक संपन्न

**शाहपुर।** नगर के पतौवापुरा स्थित मंगल भवन में एकल अभियान संघ बैतूल की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अंचल प्रमुख बैतूल खेमचंद शरण द्वारा शाहपुर संघ की कार्यकर्ताओं का परिचय हुआ। उसके बाद धार्मिक और सामाजिक संस्कृति और रीति रिवाज पर विशेष वार्तालाप की गई। पौधारोपण का कार्यक्रम भी सभी के द्वारा मिलकर किया गया। मासिक बैठक में लगभग 30-35 किलोमीटर दूर से पहुंची महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दी। शाहपुर संघ के प्रमुख राजेश यादव बीजादेही ने सारे कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्था संचालित की। ग्राम घिसी बागला से आई दीप माला यादव ने अपने विचार प्रमुखता से सभी के समक्ष रखें।

### बीएस बघेल का प्रमोशन, बने महाप्रबंधक

**बैतूल।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में चार उप महाप्रबंधकों के प्रमोशन हुए हैं जिसमें बैतूल दक्षिण संभाग में पदस्थ उप महाप्रबंधक भूपेंद्र सिंह बघेल का प्रमोशन भी हुआ है। श्री बघेल कंपनी में जीएम बन गए हैं और उनकी पहली पदस्थापना बैतूल में की गई। श्री बघेल की पहली पदस्थापना 2009 में पिपरिया में एई के पद पर हुई थी। इसके बाद जून 2014 में उनका तबादला नर्मदापुरम हुआ और अक्टूबर 2015 में उनका प्रमोशन उपमहाप्रबंधक बन गए और उनकी पहली पोस्टिंग बैतूल के दक्षिण संभाग में हुई थी। इसके बाद सितम्बर 2021 में उनका तबादला राजगढ़ हुआ। नवम्बर 2022 में नर्मदापुरम और सितम्बर 2023 में उन्हें दोबारा बैतूल दक्षिण संभाग की जिम्मेदारी मिली। अब प्रमोशन होने के बाद उन्हें पुनः तीसरी बार बैतूल में जीएम पद की जिम्मेदारी मिली है। उनके प्रमोशन पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा उनके शुभचिंतकों, मित्रों ने शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल की कुशल कार्यशैली को लेकर उन्हें कई बार विभाग और प्रशासकीय स्तर पर पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। पचमढ़ी में राजस्व संग्रहण को लेकर इसके बाद संबल योजना में, आईटीडीएस योजना कार्य समय के पहले पूर्ण करने पर, कम तकनीकी एवं वाणिज्य खामियों को लेकर भी उन्हें पुरस्कृत किया जा चुका है। श्री बघेल कल 1 सितम्बर को महाप्रबंधक के पद का कार्यभार संभालेंगे। बैतूल महाप्रबंधक अनूप सक्सेना का तबादला बैतूल से मुरैना कर दिया गया है।

### गंज मंडी कॉम्पलेक्स का एक बार फिर टेंडर फाइनल

# ड्राइंग-डिजाइन बदलने से हुई देर, एग्रीमेंट से शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



लागत बढने और बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने के चलते अधूरे पड़े गंज मंडी कॉम्पलेक्स के पूरे होने की आस एक बार फिर जागी है। हालांकि बैतूल जिले का यह इकलौता मंडी कॉम्पलेक्स है, जिसके निर्माण में हर स्तर पर रुकावटें आई हैं, चाहे वह लागत बढने की हो या फिर ड्राइंग डिजाइन बदलने की या फिर राजनीतिक उलटफेर हों, हर स्तर पर रुकावटों का सामना कर रहे इस अधूरे मंडी कॉम्पलेक्स से सबसे ज्यादा नुकसान उन व्यापारियों का हुआ है जो गंज मंडी कॉम्पलेक्स के पूरा होने की लगभग 11 साल से आस लगाए बैठे हैं। दरअसल गंज में बनने वाला बहुमंजिला कॉम्पलेक्स का निर्माण 11 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन यह बहुमंजिला कॉम्पलेक्स अभी भी अधूरा ही है।

जानकारों द्वारा इसके पीछे मुख्य कारण, पिछले 11 वर्षों में इस कॉम्पलेक्स की ड्राइंग व डिजाइन चार बार बदली जाना बताया जा रहा है। जब 11 वर्ष पूर्व मंडी कॉम्पलेक्स निर्माण की योजना बनाई थी, तब इसकी लागत करीब साढ़े नौ करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर दोगुनी तक पहुंच गई है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि इस काम्प्लेक्स के लिए नपा को चौथी बार ड्राइंग डिजाइन बदलना पड़ा है। काम्प्लेक्स की बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने से पुराने ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया था।

**एग्रीमेंट होते ही शुरू होगा कॉम्प्लेक्स का काम :** बताया जा रहा है कि भोपाल की एक कंपनी को मंडी कॉम्पलेक्स पूरा करने के लिए ठेका दिया गया है, टेंडर फाइनल हो गया है, अब एग्रीमेंट फाइनल होते ही मंडी कॉम्पलेक्स का काम फिर से शुरू होगा। हालांकि अभी बारिश खत्म होने का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद काम शुरू करने की बात अधिकारियों द्वारा कहीं जा रही है। बता दे कि मंडी कॉम्प्लेक्स के लिए सबसे पहले वर्ष 2014 में 10 करोड़ 40 लाख रुपए की मंजूरी मिली थी, इसके बाद वर्ष 2017 से मंडी कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू हुआ था।

**इनका कहना है**

*गंज मंडी कॉम्पलेक्स के लिए 15 करोड़ की लागत से कंस्ट्रक्शन का ठेका भोपाल की कंपनी को दिया गया है, टेंडर फाइनल हो गए है, एग्रीमेंट होते ही गंज मंडी कॉम्पलेक्स का काम शुरू करवाया जाएगा। निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा।*
*- **सतीश मटसेनिया,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल*

### टीन शेड और तारपोलिन में लग रही दुकानें

*जब से गंज मंडी कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू हुआ है तभी से गंज का बाजार बुरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। कॉम्पलेक्स में जिन व्यापारियों ने दुकानें ली हैं, वे फिलहाल अव्यवस्थित रूप से लंबे समय से व्यापार करने को मजबूर हैं, कोई तारपोलिन लगाकर तो कोई टीन की टपरी में अपनी दुकान संचालित कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब लंबा समय बीत जाने के बाद व्यापारियों के भी सब्र का बांध फूट रहा है। आक्रोशित व्यापारियों का कहना है कि कभी लागत बढ़ रही है, तो कभी ड्राइंग डिजाइन बदली जा रही है। कभी राजनीति अड़ंगा लगाया जा रहा है, लेकिन व्यापारियों की सुविधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है, इसलिए गंज के व्यापारी जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मिलकर मंडी कॉम्प्लेक्स निर्माण पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं। गौरतलब है कि गंज मंडी कॉम्पलेक्स में ऊपर दुकानें और बेसमेंट में पार्किंग निर्माण की प्लानिंग की गई थी, क्योंकि गंज में फिलहाल पार्किंग के लिए कहीं भी स्थान चिन्हित नहीं है, जिसके कारण पूरा गंज बाजार ही अव्यवस्थित हो गया है, यदि मंडी कॉम्पलेक्स पूरा होता तो कई गुमठियां सडकों से हट जाती, वहीं व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था भी हो जाती, लेकिन दुकानों के घटाने-बढ़ाने और लागत बढने के फेर में लंबा समय हो गया। इसके अलवा गंज मंडी कॉम्पलेक्स की जगह पर ही सब्जी बाजार भी लगा करता था जो अब सडक पर आ गया है, बाबू चौक गंज से लेकर कॉलेज चौक तक सडकों पर सब्जियों की दुकानें लगाई जाती हैं।*

# आंगनबाड़ी अहाता में तब्दील, प्रतिदिन सुबह मिल रहीं शराब की खाली बोतलें

### गांजा चिलम और मांस देखकर बच्चे कर रहे आने से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



कल्पना कीजिए जहां आप अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार के लिए भेज रहे हैं, वहां अगर बच्चों को प्रतिदिन शराब की खाली बोतले गांजे की पुड़य़ी,मांस और हड्डियों के अलावा भी कई गंदी चीजों से सामना करने पड़े तो क्या आप ऐसी जगह अपने बच्चों को भेजना पसंद करेंगे! इस सवाल पर सभी का जवाब ना ही होगा, और इसी तरह शहर की एक आंगनबाड़ी का भी कुछ ऐसा ही हाल होने के कारण पालक यहां अपने बच्चों को भेजने से अब गुरेज करने लगे हैं। दरअसल शहर के बीच में पुलिस थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर शनिवार बाजार स्थित वार्ड क्रमांक 8 की आंगनवाड़ी केंद्र का भी बना दिया गया है, ऐसे में यहां प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति लगातार घटते जा रही है, दरअसल जैसा कि हमारे पास जानकारी है कि शनिवार बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को यहां कुछ शराबियों और मवालियों ने अहाता बना दिया है। शाम ढलते ही यहां शराब पीने वाले गांजा पीने वालों की महफिलें शुरू हो जाती है,जो देर रात तक गुलजार रहती है जैसा कि लोग बताते हैं कि यहां आंगनबाड़ी को ही कुछ लोगों ने जुएं का अड्डा भी बना दिया है,जब सुबह-सुबह यहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पहुंचती है तो सबसे पहले कार्यकर्ताओं को शराब की खाली बोतले नमकीन के खाली पैकेट समेटना पड़ता है, और वर्षों से यह सिलसिला निरंतर चल रहा है उपरोक्त गंदगी के साथ यहां लोगों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को ही यूरिनल की तरह इस्तेमाल भी किया जा रहा है, जिससे बदबू के कारण बच्चों का यहां बैठना भी मुश्किल हो जाता है। जानकारी है कि यहां लगभग 45 बच्चों का रजिस्ट्रेशन तो किया गया है किंतु प्रतिदिन यहां 10 बच्चे भी आंगनबाड़ी नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**असामाजिक कार्यों का अड्डा, प्रशासन बेखबर :** जैसा कि जानकारी है कि शनिवार बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास कई तरह की अवैध गतिविधियां वर्षों से संचालित की जा रही है, किंतु स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से शहर के कई इलाके अवैध गतिविधियों की अड्डे बनते जा रहे हैं, जो सभ्य समाज के लिए समस्याएं भी पैदा कर रहे हैं।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी मिली है। हम इस पर अवश्य कार्यवाही करेगे। इस मामले में संबंधित सहायिका और कार्यकर्ता को एक शिकायत पत्र बनाने के लिए भी कहा जाएगा।
**-निर्मल सिंह ठाकुर,** महिला बाल विकास अधिकारी आमला

आंगनबाड़ी और इसके आसपास अगर किसी तरह की अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही है, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस मामले में आज ही अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।
**-शैलेंद्र सिंह बडोनिया,** एसडीएम आमला।

### चंदोरा बांध की झाड़ियों में मिला 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव

**मुलताई।** दो दिनों से घर से लापता चंदोरा कला गांव में मवेशी चराने गए 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव चंदोरा बांध की झाड़ियां से बरामद हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदोरा कला निवासी 60 वर्षीय देवराव बारस्कर सुबह मवेशी चराने के लिए घर से निकले थे। शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। क्षेत्र में माना जा रहा है कि नाला पार करते समय तेज बहाव में बह गए और तेज बहाव के चलते चांदोरा बांध में शव पहुंच गया। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर अलग-अलग जगहों पर उनकी तलाश की जानकारी न मिलने पर परिजनों ने गुमसुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई ।मृतक के पुत्र संजय बारस्कर ने बताया कि शाम तक पिता के घर न लौटने पर चिंता बढने पर शुक्रवार रात को ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिनका शव आज चंदोरा बांध की झाडयाँ से बरामद किया गया है। शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है । शव परीक्षण रिपोर्ट के उपरांत ही मामले का खुलासा हो सकेगा फिलहाल पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

# पीएम मोदी की दिवंगत मां पर अशोभनीय टिप्पणी से महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

### जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने फूंका राहूल का पुतला



**बैतूल।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता के लिए वोट अधिकार यात्रा के तहत बिहार में इंडी गठबंधन के नेताओ के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने अशोभनीय टिप्पणी से नाराज भाजपा महिला मोर्चा ने भारी संख्या में शामिल होकर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए गंज बस स्टैण्ड के पास नव संचालित जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने राहूल गांधी का पूतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि बिहार में भाजपा और एनडीए के बढते जनाधार को देखकर कांग्रेस के नेता मानसिक संतूलन खो बैठे है प्रधानमंत्री की माता जी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी कांग्रेस के वास्तविक चेहरे को सामने लाने वाली है। श्री पंवार ने कहा कि नफरत की आग में जलने वाले इंडी गठबंधन के नेताओ का मौन प्रधानमंत्री जी की माता के अपमान पर बना हुआ है। यह सिर्फ मोदी जी की माताजी का अपमान ही नही संपूर्ण मात्र शक्ति का अपमान है। इस अपमान से महिलाओ में आक्रोश है लेकिन राहुल गांधी और तेजस्वी यादवइ स अपमान को अपना मौन समर्थन दे रहे है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवी ने कहा कि कांग्रेस की परंपरा शुरूआत से ही महिलाओं का अपमान करने वाली रही है। बिहार में जिस तरह से मोदी जी की माता जी के लिए टिप्पणी की गई वह सभ्य समाज में स्वीकार्य नही है।

### विधानसभा के समस्त शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर आयोजन का प्रसारण हुआ

# भाजपाइयों ने देखा पीएम का मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मुलताई विधानसभा क्षेत्र के समस्त शक्ति केंद्रो एवं बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम देखे जाने की व्यवस्था की गई और इस कार्यक्रम को भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी, अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी, सह प्रभारी सहित हजारों की संख्या में हितग्राही एवं नागरिकों ने देखा द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुलताई मासोद विधानसभा क्षेत्र के 300 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम देखे जाने की व्यवस्था की गई थी।

समस्त शक्ति केन्द्रो के प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी सह प्रभारी एवं हितग्राहियों सहित नागरिकों द्वारा सुबह 11 मन की बात कार्यक्रम को देखा गया द्य क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मासोद मंडल केअंतर्गत ग्राम चकोरा में, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने आजाद वार्ड शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 127 पर मन की बात कार्यक्रम देखा द्य नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने बताया कि सभी बुथ पर 12 लोगों की समितियों बनी है। हर समिति भाजपा के सभी कार्यक्रम बूथ स्तर पर ही सम्पन्न होते है उसी तारतम्य में मन की बात कार्यक्रम भी आयोजित हुआ बूथ अध्यक्ष से लेकर विधायक, सभी जनप्रतिनिधि सभी कार्यकर्ताओ के साथ बूथ स्तर पर हो मन को बात देखते है।

# कार्यकर्ता कांग्रेस की ताकत, संगठन की मजबूती से परिवर्तन संभवः डागा

### जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, अलग-अलग ब्लॉकों में आयोजित बैठकों में हुए शामिल




**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष निलय विनोद डागा का पहला दौरा 30 अगस्त को उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस दौरे में उन्होंने शाहपुर, चोपना, घोड़ाडोंगरी, सारनी में आयोजित 8 बैठकों में भाग लिया।

जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डागा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन ही सर्वोपरी है, प्रत्येक कार्यकर्ता को सबसे पहले अपने बूथ को मजबूत करना होगा और फिर क्षेत्रीय स्तर पर संगठन सृजन कर कांग्रेस की जड़ें मजबूत करनी होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत 30 अगस्त को शाहपुर में हनुमान डोल पूजन से हुई। यहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक और वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद शाहपुर ब्लाक कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई, जिसमें पूर्व मंत्री प्रताप सिंह, पूर्व विधायक ब्रम्हा भलावी, विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी, ओबीसी जिलाध्यक्ष नारायण धोटे ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इसी दिन चोपना में उपब्लाक कांग्रेस की बैठक हुई। घोड़ाडोंगरी में आदिवासी स्मारक पर माल्यार्पण के बाद ब्लाक कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। सारनी जाते समय सलैया में जिला पंचायत सदस्य हितेश निरापुर, ललित यादव एवं उनके साथियों द्वारा स्वागत किया गया और वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

## खेल दिवस पर शासकीय कन्या उमावि ने की सहभागिता



**बैतूल।** नगर परिषद बैतूल बाजार द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय की छात्राओं ने कबड्डी, दौड़ प्रतियोगिता तथा अन्य खेलों में हिस्सा लिया। नगर परिषद द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किए गए।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले घोड़ाडोंगरी के पूर्व विधायक धुर्वे

# प्रूफ रेंज में आदिवासी ग्राम नहीं होंगे विस्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



प्रूफ रेंज विस्तार के विरोध और विस्थापन की आशंकाओं के बीच अब आदिवासी क्षेत्रों को बड़ी राहत की उम्मीद जगी है। घोड़ाडोंगरी विधानसभा के पूर्व विधायक मंगल सिंह धुर्वे ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुलाकात कर घोड़ाडोंगरी विधानसभा के प्रभावित ग्रामों की चिंता उनसे साझा की। मंगल सिंह धुर्वे ने प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया कि प्रूफ रेंज विस्तार और नए फायरिंग रेंज निर्माण की खबरों ने ग्रामीणों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है।

इनमें विशेष रूप से टेमरामाल, टेमरा रैयत, खदारा, रामपुरमाल, मलाजपुर, चिचोली, चिखली, धप्पा, सेहरा, झारकुंड और खदडू गांव शामिल हैं। इन गांवों के लोग पिछले कई दिनों से विस्थापन की आशंका को लेकर आंदोलन और विरोध जता रहे हैं। मंगल सिंह धुर्वे की बात सुनने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि प्रूफ रेंज विस्तार निरस्त कराने की कोशिश करेंगे, और किसी भी गांव को विस्थापन की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े ऐसा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इन गांवों की सुरक्षा और अस्तित्व को कोई खतरा नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी भरोसा दिलाया कि केंद्र और राज्य स्तर पर इस मामले को गंभीरता से रखा जाएगा और ग्रामीणों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वे घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित ग्रामों के जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों प्रूफ रेंज विस्तार की खबरें सामने आने के बाद जिले में विरोध की लहर उठी थी। बैतूल, चिचोली, घोड़ाडोंगरी और आसपास के गांवों के हजारों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर रैली निकाली थी और विस्थापन विरोधी ज्ञापन सौंपा था।

### दीनदयाल रसोई फिर शुरू, विश्वकर्मा समाज समिति को जिम्मेदारी

*बैतूल। जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने वाली दीनदयाल रसोई का पुनः संचालन शुरू हो गया है। रविवार सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं मजदूरों को नाश्ता परोसा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, भाजपा नेता आनंद प्रजापति और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवीय उपस्थित रहीं। समाज के संयोजक बलवीर मालवीय, सीएमओ सतीश मटसेनिया के साथ कई पार्षद, व्यापारी और समाजसेवी भी मौजूद रहे। विश्वकर्मा समाज समिति को इस बार रसोई के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। बैतूल में दीनदयाल रसोई की शुरुआत 2014 में हेमंत खंडेलवाल ने विधायक रहते हुए की थी। स्थानीय प्रतिष्ठित लोगों और व्यापारियों का इसमें सहयोग रहा। इसकी सफलता के बाद 2017 से सरकार ने इसे पूरे प्रदेश में योजना के रूप में लागू किया। खंडेलवाल ने कहा कि समाज के सहयोग से यह रसोई निरंतर चलती रहेगी। मजदूर वर्ग की सुविधा के लिए सुबह का नाश्ता भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने परिजनों के जन्मदिन और पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर इस रसोई में भोजन कराकर मनाएं।*

# विधायक ने किया 6 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला



आमला-सारणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने 6.33 करोड़ की लागत से बनने वाली महत्वपूर्ण सडक़ परियोजना का भूमिपूजन किया। यह सडक़ नागदेव मंदिर सोनतलाई से होते हुए बोपलवाड़ी मार्ग से बोरगांव तक जाएगी, जो क्षेत्रीय आवागमन और व्यापार के लिए बड़ी सहूलियत लेकर आएगी। इसी के साथ 1.11 करोड़ रुपये की लागत से कोंडरखापा मुख्य मार्ग से होते हुए समरतढाना मार्ग का भूमिपूजन भी किया गया। इन दोनों सडक़ों के निर्माण से ग्रामीण इलाकों को मुख्य मार्गों से सीधा संपर्क मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है और जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराना उनका संकल्प है।

विधायक योगेश पंडाग्रे ने कहा कि जिन सडकों का बनाने का मैंने वादा किया था वह वादा आज पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के दौरे पर आया था तब ग्रामीणों को मैंने सडक़ का वादा किया था। सडक़ के लिए वर्षो से ग्रामीण परेशान थे। इसके आलावा बोपलवाडी की बिजली की समस्या को खत्म किया जाएगा। सर्वे करवाया जा चुका है, ग्राम में हर घर में बिजली होगी। सोनेगाँव के किसानो से बैराज निर्माण का वादा किया है, जिसे पूरा करवाया जाएगा। मंच से उतरकर विधायक ने कार्यक्रम में आई सभी माता बहनो व ग्रामीणों से सीधे भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में लोगों ने मिलकर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का संकल्प लिया। इसमें मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख, गणेश यादव, किशन सिंह रघुवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष यदुराज सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत प्रतिनिधि महेश मृस्कोले रामचंद्र देशमुख रामपाल मोडक़ सहित आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने विधायक का स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

### किसानों के लिए सिंचाई परियोजना का आश्वासन

*मंच से संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख ने कहा कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला केवल सडक़ों तक सीमित नहीं रहेगी। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में सिंचाई परियोजनाओं को भी गति दी जाएगी। विशेष रूप से बैराज निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में जल्द ही करोडो की लागत से बनने वाले बैराजो को स्वीकृति मिलने वाली है। जिसका भूमिपूजन भी आगामी कुछ माह के अंदर किया जाएगा। जिससे किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा मिले और खेती की उत्पादकता बढ़े।*

**संक्षेप खबर**

### जयसिंह बने क्षत्रिय करणी सेना जिला प्रभारी



सोहागपुर। क्षत्रिय करणी सेना परिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत के आदेशानुसार व प्रदेशाध्यक्ष इंदल सिंह राणा की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश में संगठन का विस्तार किया गया है। जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री अजय राठौर के निर्देश पर नर्मदापुरम-जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह बैस ने सोहागपुर निवासी ठाकुर जयसिंह राजपूत को जिला नर्मदापुरम प्रभारी पद पर नियुक्त किया है। ठाकुर जयसिंह राजपूत की नियुक्ति पर क्षत्रिय करणी सेना सदस्यों सहित क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। वहीं जयसिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री, जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'



सोहागपुर। भाजपा सोहागपुर मंडल में रविवार को सभी 55 बूथों पर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि निज निवास पर टेलीविजन द्वारा तथा अन्य स्थानों पर मोबाइल द्वारा लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और आत्मसात किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार पीएम का यह जन से संवाद आयोजन समाज व देश को विकास की ओर अग्रसर करने वाला साबित हो रहा है।

### ग्राम बेरखेड़ी में फील्ड मीटिंग का आयोजन

सीहोर। नवकिसान समिति द्वारा अयोजित फील्ड मीटिंग का आयोजन किया गया। जीसमे की किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया गया। नवकिसान कंपनी के जैविक उत्पादों का उपयोग करके हम किसानों की आमदनी को हम पहले से कई गुना अधिक उत्पादन ले सकते हैं।

## इनामी भजन व डंडा प्रतियोगिताएं होंगी, अनंत चतुर्दशी पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

# 3 सितंबर को डोल ग्यारस का 127वां वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा

**नर्मदांचल में त्यौहारों का मौसम शुरू हो गया है। रविवार को राधाष्टमी का पर्व मनाया गया वहीं 3 सितंबर को डोल ग्यारस पर्व धूमधाम से मनेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में एक सदी से अधिक समय से श्री गणेशोत्सव दौरान डोल ग्यारस पर्व मनाया जाता है। डोल ग्यारस उत्सव समिति के द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष श्रृंखला की 127 वीं कड़ी आयोजित होगी। जिसमें इनामी भजन व डंडा नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी।डोल ग्यारस महोत्सव समिति सोहागपुर के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि तीन सितंबर 2025 की रात्रि 10 बजे से इनामी भजन प्रतियोगिता रानी लक्ष्मीबाई मंच पर प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार स्वर्गीय बैजनाथ सिंह चौधरी की स्मृति में 30 हजार 101 रुपए विजेता मंडल को दिया जाएगा। वहीं 20 हजार 101 रुपये का द्वितीय पुरस्कार नगर परिषद सोहागपुर द्वारा दिया जाएगा। तृतीय पुरस्कार 12 हजार 101 रुपये, चौथा पुरुस्कार जगदीश मास्साब लांघा बम्होरी द्वारा 10 हजार 101 रुपये, पांचवा पुरस्कार आठ हजार 101 रुपये तथा छठा पुरस्कार छह हजार 101 रुपये होगा। छठा पुरस्कार स्वर्गीय दर्शन सिंह पटेल बूटी भैया की स्मृति में दिया जाएगा। इसके अलावा 5100-5100 रुपये के दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।



**डंडा प्रतियोगिता का आकर्षण**

सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त दिनांक तीन सितंबर को रात्रि आठ बजे से बिहारी चौक सोहागपुर पर विशाल इनामी डंडा नृत्य प्रतियोगिता की जाएगी। जिसका प्रथम पुरस्कार स्वर्गीय प्रेमशंकर पालीवाल की स्मृति में 11 हजार 101 रुपये दिया जाएगा। इसके अलावा पांच 101 रुपये का द्वितीय पुरस्कार व तीन 101 रुपये का तृतीय पुरस्कार तथा अन्य प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। अनंत चतुर्दशी तिथि पर रानी लक्ष्मी बाई मंच पर रात्रि 7:30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। स्वर्गीय जगदीश प्रसाद सोनी की स्मृति में बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### राधा अष्टमी पर निकाली गई शोभायात्रा, राधे राधे की धुन से नगर बना बरसाना



पिपरिया ।अखिल भारतीय गुर्जर समाज के दारा राधा अष्टमी जन्मोत्सव चल समारोह का आयोजन किया गया राधा कृष्ण मंदिर से गुर्जर भवन तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें राधे-कीधुन से शहर बरसाने में बदल गया पिपरिया विधानसभा क्षेत्र से लेकर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग शामिल हुए। मंगलवारथाने के पास राजा पलिया ने मीठा वितरण किया गया तो चौराहे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय। सहित अन्य सभी लोग शामिल हुए। सभी ने शोभायात्रा का स्वागतसमान किया। उसके बाद राधावल्लभ वैष्णव परिषद ने भी हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी के निवास से मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिलापुरुष सभीयुवक शामिल हुए। जगह-जगह धूमधामसे मनाया गया सुबहसे ही उनके तैयारी कर रहे थे। सभी समाजसेवी संगठनों ने सम्मानित किया।

### मालवीय ब्राह्मण समाज ने मनाई राधा अष्टमी



इटारसी। श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज की समस्त महिला मंडल की पदाधिकारियों ने मिलकर रविवार को राधा अष्टमी पर राधा रानी की पूजन अर्चना कर सुंदरकांड किया। साथ ही एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग सामग्री प्रदान की। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि उपाध्यक्ष ललिता मालवीय द्वारा समस्त महिला मंडलों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की एवं महिला मंडल की आगामी कार्यक्रम को लेकर मीटिंग भी संपन्न हुई। जिसमें कार्यकारिणी अध्यक्ष शीला मालवीय, संरक्षक ममता मालवीय, भारती मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना राजेंद्र मालवीय, निर्मला मालवीय, त्रिवेणी मालवीय, राजा बाई, कोषाध्यक्ष संगीता संदीप मालवीय, सचिव किरण मालवीय, संगठन मंत्री अनुसूया मालवीय, नीलम मालवीय, अनीता मालवीय, संगीता मालवीय, पूजा मालवीय आदि उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संपन्न करवाया अंत में अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गुरु निवास में मनाया श्रीराधा जन्मोत्सव







माखन नगर। नगर में पूर्व तालुकदार परिवार स्वर्गीय बजेश गुरु के निवास पर श्री राधा रानी का जन्म उत्सव धूमधाम उत्साह से मनाया प्रातः 5: बजे मंगला आरती के साथ उत्सव शुरू हुआ श्री राधा रानी को छप्पन भोग लगाया परिवार के लोगों ने भजन गाए मिठाई बाटी युवा नेता हर्षित गुरु ने बताया गुरु परिवार प्रतिवर्ष अपनी इष्ट का जन्म उत्सव मनाने के लिए पूरा परिवार एकत्रित होकर सुंदर झांकी सजाकर भजन पूजन आरती कर श्री राधा रानी का जन्म उत्सव मनाते हैं इसमें परिवार की वरिष्ठ सदस्य हमारी दादी सहित सभी सदस्य शामिल हुए।

## दुकानदारों ने न्यायालय के आदेश का किया पालन, सौंपी चाबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

मंगलवार चौराहा स्थित देव राम जानकीमंदिर बलियाला एवं अन्य प्रतिवादी सभी दुकानदार जो मंदिर की दुकान का किराया नहीं दे रहे हैं। और कब्जा भी किए हैं। जिसका मामले को लंबे समय से उच्च न्यायालय जबलपुर में लगाया हैं। जिसमें मंदिर में पूजा पाठ महंत यंगेश्वर दास एवं उनके सहयोगियों के द्वारा ही किया जा रहा है।केस संख्या 141556/2025के मामले में दिनांक 4/6/2025को सुप्रीम कोर्ट ने 30अगसत अगस्त 2025 तक 4दुकान खाली करने का आदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश अनुसार मानवीय सरोकार के आधार पर 30अगसत तक कहा था।तो 4दुकानदार ने दुकान खाली करने के बाद चाबी रिसीवर तहसीलदार वैभव बैरागी को देने पहुंचे थे। तहसीलदार ने बताया उन्हें उच्च न्यायालय जबलपुर ने रिसीवर तहसीलदार को नियुक्त किया गया था पर महन्त ने स्थिगनआदेश लिया था। उसके बादसे महंत ही मंदिर की देखभाल कर रहे थे। लेकिद्वारायालय के द्वारा 13.8.2025 तक खाली भौतिक कब्जा ट्रस्ट के रसीवर को सपना के लिए समय दिया था तथा दुकानदारोंको किराया का भुगतान करने आदेश दिया है लेकिन समाचार लिखे जाने तक तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया रिसीवर में कोई अधिकारी का नाम नहीं लिया गया है। इसलिए अभी दुकानों की चांवी लेना संभव नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। उसके बाद ही उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार पालन हो सकेगा।

### विधायक ने दिया 'गौ सेवा, परम सेवा' का संदेश



सोहागपुर। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने गत दिवस ग्राम मगरिया में संचालित सुरभि गौ शाला का भ्रमण किया। इस दौरान सिंह ने गौवंश मवेशियों को फल व गुड़ का आहार खिलाया। विधायक सिंह ने इस दौरान मध्य प्रदेश वासियों को गौ सेवा परम सेवा का संदेश दिया। उन्होंने गौ संरक्षण के लिये प्रयास की अपील क्षेत्रवासियों से की है।

### आदिवासियों से की चर्चा



गौशाला भ्रमण के बाद विधायक विजयपाल सिंह ने ग्राम मगरिया निवासी आदिवासियों से चर्चा की। सिंह ने उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक ने आदिवासियों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासियों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी दी व कहा कि हितकारी योजना का लाभ लें।

### नर्मदांचल में जारी है श्री गणेशोत्सव



महाकाल उत्सव समिति पटेल मोहल्ला द्वारा विराजित श्री प्रतिमा।



माखन चौक के राजा विराजित है रिद्धि सिद्धि के संग

## 41वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 5 सितंबर को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा आयोजित होने वाला 41वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह इस वर्ष एक नए उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यह प्रतिष्ठित समारोह 5 सितंबर को 'द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट', होशंगाबाद रोड, इटारसी में शाम 5 बजे से 10 बजे के बीच आयोजित होगा। इस वर्ष देशभर से चुने गए 40 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इस वर्ष के आयोजन का सबसे खास पहलू चयनित शिक्षकों का पदप्रक्षालन और सामूहिक महाआरती है, जो गुरुओं के प्रति सम्मान की एक अनूठी परंपरा को दर्शाता है। यह आध्यात्मिक और भावनात्मक पल शिक्षकों के सम्मान में एक अद्भुत रोमांच और गौरव का अनुभव देगा। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रमेश के. साहू (एडवोकेट) ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची जारी की। इस सूची में देश के विभिन्न हिस्सों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों के नाम शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों से लेकर प्रोफेसर और प्राचार्य तक शामिल हैं। 41वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सरस्वती पुत्र सम्मान अनंत गंगोला अहमदाबाद को प्रदान किया जाएगा। साथ ही ज्ञानगंगा सम्मान, विवेक सागर सम्मान, कर्मा रत्न सम्मान, अर्जुन सम्मान, सांदीपनि सम्मान, विश्वामित्र सम्मान सहित अन्य श्रेणियों के तहत कुल 40 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष रमेश के साहू ने बताया कि यह सम्मान समारोह पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा 1985 में शुरू किए गए सरस्वती पुत्र सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाता है। इस मंच ने कई ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया है, जिन्हें बाद में राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि यह समारोह अपनी एक अलग पहचान बना चुका है।

समारोह को सफल बनाने में समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष सरवरिया, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, शरद गुप्ता, कमल दरडा और सुश्री चंद्रप्रभा ठाकुर जैसे अनुभवी सदस्यों का योगदान लगातार मिलता रहा है। इसके अलावा, कोषाध्यक्ष नीलेश जैन, अशोक मालवीय, पूनम नामदेव, प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा, मंजू ठाकुर और अन्य युवा सदस्य भी सक्रिय रूप से सहयोग दे रहे हैं। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति स्वर मालिका म्यूजिक क्लास, इटारसी के शिष्यों द्वारा दी जाएगी और कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन किया जाएगा। समिति ने शहर के सभी नागरिकों से इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन करने की बात कही।

### सेमरी में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

सेमरी हरचंद। ग्राम पंचायत कार्यालय में बुधनी की वर्धमान फैब्रिक्स द्वारा आयोजित रोजगार मेले मैं जिले एवंनर्मदापुरम जिले से बाहर के युवाओं ने रोजगार मेले में वर्धमान फैक्ट्री के अधिकारियों को साक्षात्कार देकर योग्यता अनुसार नौकरी प्राप्त की। सोहागपुर विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह एवं ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद की पहल पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया सरपंच चेतन मीना ने बताया कि देश के युवाओं को समय पर रोजगार मिल जाए तो वह भटकता नहीं है इसी मंशा को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन कियागया था जिसमें दो दर्जन से अधिक युवाओं को रोजगार मिला सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## मातापुरा वार्ड के अखाड़े में पहुंचे विधायक वार्डवासियों ने किया उनका सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



विधायक विजयपाल सिंह ने गत दिवस नगर के मातापुरा वार्ड स्थित दाऊ दरयाब सिंह व्यायाम शाला व अखाड़ा का भ्रमणकर पहलवानों से तथा वार्ड में आमजनों से भेंट की।

इस अवसर पर वार्डवासियों ने खेड़ापति मंदिर तथा समाजसेवी डॉ. अभिषेक सिंह चौहान के निवास पर विधायक विजयपाल सिंह का स्वागत व सम्मान किया। सभी वार्डवासियों को संबोधित करते हुए विधायक सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारें प्रत्येक वर्ग के हित में सतत काम कर रही हैं। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो किसी भी योजना से अछूता हो। सरकार की किसी ना किसी योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंच रहा है। वार्डवासी एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि इस दौरान विधायक ने वार्ड के मतदाताओं का आभार जताया, जिन्होंने लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा को सदैव विजयी बनाया है। इस दौरान हमीर सिंह चंदेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अभिलाष सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय छाबड़िया, अभिनव पालीवाल, रामगोपाल चौबे, तुलसीराम कहार, भास्कर मांझी, पुरुषोत्तम पठारिया, नितिन कहार, डालचंद साहू, संजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने बूथ कार्यकर्ता के घर देखा मन की बात लाइव प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सोहागपुर विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह ने भाजपा के बूथ क्रमांक 184 के कार्यकर्ता कैलाश साहू के घर जाकर देखा कार्यक्रम में विधायक के साथ समाजसेवी प्रेम नारायण खंडेलवाल राजकुमार अग्रवाल प्रतिभा साहू , संतोष साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय सरपंच चेतन मीना राघव पटेल ब्रजमोहन मीना मंगेश महेश्वरी दिनेश नामदेव साहब सिंह पटेल धर्मेंद्र व्यास बृजेश दुबे शक्ति सिंह भदोरिया संदीप महेश्वरी देवेश शर्मा केवल मालवीय रमन साहू रामकुमार सोनी, प्रदीप कुशवाह संजय पुरोहित राजेंद्र सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मेजर ध्यानचंद को किया गया याद**

## खेल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया मिशन द्वारा फिटनेस आंदोलन के रूप में प्रेरक थीम 'एक घंटा, खेल के मैदान में' के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत महाविद्यालय में प्रथम दिवस पर मेजर ध्यान चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस पर स्टॉफ एवं छात्राओं के लिए टेबल टेनिस, शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस पर ऑनलाइन प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। क्रीड़ा धिकारी डॉ. मुकेश बिस्ट ने कहा की खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो कि मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. संजय आर्य ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य खेलों के मूल्यों, अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना और टीम वर्क के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को खेलों को अपनाने बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव पर हुआ खेल का आयोजन



पिपरिया नगर की सर्वोदय विद्यापीठ हायरसेकेंडरी स्कूल मैं प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हॉकीके जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभागके द्वारा कार्यक्रम में महिलाओं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल सर्वोदय विद्यापीठ हायरसेकेंडरी स्कूल संचालक आनंद प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में समन्वयक प्रीतम सिंह पुरवइया की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। प्रतियोगिताओं में छत्रपति शिवाजी महाराज टीम विजेता रही। पुरुस्कृत किया गया। खेलों को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद प्रकाश शर्मा ने कहा कि खेल आवश्यक है सर्वोदय याने सर्व उदय होना चाहिए। वीरेंद्र सिंह ने संबोधित किया। समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पचमढ़ी के खिलाड़ियों ने किया कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

हरदा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रियांशु वंशकार एवं सुजीत मवासी ने ग्रीको रोमन और फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में विजय श्री प्राप्त की । पचमढ़ी लौटने पर नगर वासियों ने ढोल बाजे और मिठाई, फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया ।खेल शिक्षक संतोष यादव ने जानकारी दी फ्री स्टाइल कुश्ती सीहोर में और गीको रोमन का राज्य स्त्रीय प्रतियोगिता उज्जैन में आयोजित होगी,ओर समस्त नगर वासियों, नगर के पहलवानों एवं पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आज

**हरदा।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आज 1 सितंबर को होगा। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11.30 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान की विस्तृत रूपरेखा बताई जाएगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु धरती आबा जनजातीय ग्राम अभियान के अंतर्गत एक प्रमुख पहल आदि कर्मयोगी अभियान उत्तरदायी शासन कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर कियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम छोर तक सेवा वितरण में गति लाने एंव जनजातीय विकास प्रणालियो को सुदृढ बनाने के लिये लोक अधिकारियो का एक उन्मुख संवर्ग तैयार करना है।

### ऑटो चालक ने किया सुसाइड

**हरदा।** जिले के मंझली में शनिवार को एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अशोक गौर (52 वर्ष) के रूप में हुई है, जो लोडिंग ऑटो चलाने का काम करते थे। रविवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, अशोक गौर ने शनिवार दोपहर करीब तीन बजे अपने बड़े बेटे पंकज को फोन लगाकर कहा कि वह डगावा रोड पर है और उसने सल्फॉस खा ली है। जिसके बाद बेटे ने तत्काल मौके पर जाकर उन्हें उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान शाम सात बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपनी बूढ़ी मां और दो बेटों के साथ रहता था। फिलहाल, उनके द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया, इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### शिविर में 65 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण

**रहटगांव।** शनिवार को टिमरनी नगर के वार्ड नंबर 13 में गुर्जर मांगलिक भवन में प्राइवेट डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ संबंधी अलग-अलग समस्याओं से ग्रसित 65 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण कर इलाज किया गया। संघ से जुड़े हुए व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया की यह शिविर पूर्णता निशुल्क था। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांचें निशुल्क की गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह शिविर हृदय रोग, हड्डी रोग, पेट रोग, दंत रोग आदि बीमारियों से संबंधित मरीजों के लिए आयोजित किया गया। निशुल्क स्वास्थ शिविर में हरदा से पधारे डॉ. वीरेंद्र अग्रवाल, डॉ. राम दोगने, डॉ. सुनिल गुर्जर शामिल रहे। शिविर में नगर के डॉ. रितेश अग्रवाल, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. रमेश चतुरकर, डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. ज्योति गुर्जर, डॉ. शीतल अग्रवाल, डॉ. श्रेया अग्रवाल, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. प्रणय शर्मा सहित संघ से जुड़े चिकित्सक उपस्थित रहे।

### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता।

---

ग्राम पिपल्याकला में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी थी

# इंदौर भागने की फिराक में था, मां की हत्या करने का आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपल्याकला में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने कुछ घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया। मृतका की पहचान कमला बाई के रूप में हुई है। उनके छोटे बेटे रामसिंह उर्फ रामू कहार ने पुलिस को बताया कि जब वह मवेशियों के लिए चारा लेने गया था, तब बड़े भाई राजू कहार ने मां की हत्या कर दी। राजू ने मां के सोने पर बैठकर उनका मुंह और नाक दबा दिया जिससे उनकी मौत हो गई। राजू मां की नाक से सोने की लौंग निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए टिमरनी भेजा। आरोपी राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद जंगल में भाग गया था। जहां से वह टिमरनी बस स्टैंड के पास आ रहा था। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि बेरोजगार राजू अक्सर मां से पैसे और खाने की मांग करता था। मां उसे काम करने की सलाह देती थीं। इसी बात से नाराज होकर उसने हत्या कर दी। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसडीओपी आकांक्षा तलया के नेतृत्व में टीआई सुभाष दरश्यामकर, एसआई कमलेश रघुवंशी समेत पूरी टीम ने आरोपी को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई।

## कॉम्बिंग गश्त में 24 बेमियादी वारंटी, 21 गिरफ्तारी वारंटियों को किया गिरफ्तार




हरदा। जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के नेतृत्व में जिला पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। इसके अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में दिनांक शनिवार रविवार की दरमियानी रात्री में कांबिंग गश्त का संचालन किया गया। कॉंबिंग गस्त के दौरान सभी थाना के प्रभारीयों द्वारा अपने अपने थाना स्टाफ की टीम बनाकर अलग अलग क्षेत्रों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस कप्तान अभिनव चौकसे एवं जिले के समस्त आला अधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे। तलाशी अभियान में पुलिस बल द्वारा गुण्डे बदमाशों के घरों पर दबिश दी गई। रात्री में गस्त के दौरान रास्ते घूमने फिरते मिले लोगो से गहन पूछताछ की गई। साथ ही जिले की सीमाओं से आने वाले वाहनो को चेक कर चालकों से पूछताछ की गई। काम्बिंग गस्त के दौरान समंस, वारंट, अवैध शराब, जुआ, आर्म्स, गुंडा बदमाश, ईनामी आरोपियों, वाहन चेकिंग आदि प्रभावी कार्यवाहियां करते हुये सम्पूर्ण जिले के थानों में 24 बेमियादी वारंटी, 21 गिरफ्तारी वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 40 जमानती वारंट एवं 58 समन्सों की तामिली की गई। काम्बिंग गस्त के दौरान 25 गुंडा बदमाश , 12 निगरानी बदमाश चेक किये। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## महिला गिरफ्तार, डेढ़ किलो गांजा जब्त



**हरदा।** सिराली थाना प्रभारी रामसुमेर तिवारी व्दारा थाना क्षैत्र मे अवैध मादक पदार्थ कारोबारियो की धरपकड़ हेतु टीम गठित की गई। शनिवार को मुखबीर सूचना पर सिराली पुलिस टीम व्दारा प्रभावी दबिश देकर भगवानपुरा-बीचपुरी रोड़ पुलिया पर एक संदिग्ध महिला को हाथ में झोला लेकर आते पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछते पर उसने अपना नाम रामवती पति मांगीलाल कलमे निवासी ग्राम भगवानपुरा का बताया। अवैध मादक पदार्थ के संबंध में नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों की प्रक्रिया का पालन करते रामवती के झोले को चेक करते इसमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। आरोपी महिला के कब्जे से कुल 01 किलो 500 ग्राम गांजा जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए है। महिला आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला के विरूध्द धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अपराध पंजीबध्द कर अनुसंधान मे लिया गया है। पुलिस के अनुसार महिला आरोपी अवैध मादक पदार्थ विक्रय की शातिर आदतन कारोबारी है। इसके विरूध्द पूर्व मे भी अवैध गांजे का प्रकरण दर्ज हुए है।

---

कांग्रेस ने अभद्र भाषा बोलकर महिलाओं का किया अपमानः अनिता अग्रवाल

# भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल व तेजस्वी का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दरभंगा की सभा में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं उनकी मां के प्रति जो अपषब्दों का प्रयोग किया गया। वह निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी द्वारा समय समय पर प्रधानमंत्री जी के प्रति अनुचित टिप्पणी की जाती रही है। कांग्रेस के इस प्रकार के दुर्व्यवहार से देष की जनता में आक्रोष है। आज भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा आक्रोष व्यक्त करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी गांधी का स्थानीय प्रताप टॉकिज चौराहे पर पुतला दहन किया और मांग की गई कि इस प्रकार कांग्रेस के मंच पर जो टिप्पणी की गई है। उस पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सार्वजनिक रूप से देष की जनता एवं प्रधानमंत्री जी से माफी मांगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओ को शराबी कहकर अपमानित किया गया। इस पुतला दहन के अवसर पर अनिता अग्रवाल, योगमाया शर्मा, प्रीति गहलोद, अनिता राठौर, पूजा शर्मा, अनिता मौर्य, रेखा लुनिया, जिला महामंत्री देवीसिंह सांखला, प्रहलाद पटेल, नितेष बादर, विजय जेवल्या, बसंत राजपूत, सौरभ तिवारी, पुरूषोत्तम झिंझोरे, ललित पटेल, नीरज लाठी, धर्मेन्द्र पाल, भूपेन्द्र सिंह तोमर, गजानंद डाले, संदीप पाराषर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में विमुक्ति दिवस मनाया

# विमुक्त घुमंतू समाज ने बच्चों को शिक्षा व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

छीपानेर रोड स्थित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से विमुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर विमुक्त घुमंतू समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। बंजारा समाज के रंजीत बंजारा ने बताया कि घुमंतू जातियों को बैंक लोन और जाति प्रमाण पत्र बनवाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस वजह से कई जरूरतमंद परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते। जिले में करीब 15 जातियों के 30 हजार से ज्यादा लोग निवास करते हैं। कार्यक्रम में विभाग के सहायक संचालक नरेंद्र कुमार गौतम ने जानकारी दी कि 11 अगस्त 1951 को अंग्रेजों का आपराधिक जनजाति अधिनियम 1871 समाप्त किया गया था। उसी दिन को हर साल विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विमुक्त घुमंतू जनजाति महासंघ के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल राज पाली, श्यामसुंदर पाल, रामदीन पाल, प्रभु धनगर, कुचबंदिया समाज के संभाग अध्यक्ष अर्जुन सौदा, गोपाल पवार, कैलाश कुचबंदिया, संजय सिंह बटाने और बंजारा समाज के अध्यक्ष कैलाश सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

---

राष्ट्रीय खेल दिवस सम्मान समारोह संपन्न

# खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य शारीरिक श्रम से हैः दोगने

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शहर में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का सम्मान समारोह रविवार को पीएम श्री महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बसंत राजपूत, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, जगदीश शर्मा सहित खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में तीन दिनों तक विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, कुश्ती, हॉकी, खो-खो, एथलेटिक्स एवं क्रिकेट मैच तथा योगा, एवं सायक्लिंग आदि गतिविधियां आयोजित हुई। विजयी प्रतिभागियों एवं खेल प्रशिक्षकों सहित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और कोचों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य शारीरिक श्रम से है, जिससे शरीर फीट रहता है, प्रतिदिन खेल खेलकर शारीरिक श्रम अवश्य करें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति में आयोजित खेल दिवस में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और उन्हें प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति राष्ट्रीय खेल दिवस रखने का उद्देश्य शारीरिक श्रम से है जिससे हम अपने शरीर को फीट रख सकते हैं। इसलिए प्रतिदिन हम खेल के माध्यम से शारीरिक गतिविधियां कर सकते हैं।

---

# पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर 5,944 लीटर डीजल जब्त

## अधिकारियों द्वारा किया गया पेट्रोल पंप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा सीहोर के लुनिया चौराहा स्थित वर्मा फ्यूलस एंड सर्विस पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर जांच की गई।

जांच के दौरान अंडरग्राउंड डीज़ल के टैंक मे भण्डारित 5,944 लीटर डीजल मे 10.5 सेमी पानी की मात्रा पायी गई और 04 प्रतिशत से अधिक अंतर तक की अनियमितता पाई गई। इसके साथ ही ऑनलाइन स्टॉक से डीजल के स्टॉक मे अंतर पाया गया। पेट्रोल पंप पर मुफ्त हवा, शौचालय, पेयजल, अग्नि शमन यन्त्र की वैधता भी समाप्त पाई गई। अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंप पर अनियमितताएं पाए जाने पर डीज़ल की मशीन को सील कर दिया गया है और पेट्रोल पंप से 5,45,081 रूपये मूल्य का 5,944 लीटर डीजल जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई जिला अपूर्ती अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं कनिष्ठ अपूर्ती अधिकारी द्वारा की गई।

---

### 24 घंटों में जिले में 6.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 6.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.3 मि.मी., टिमरनी में 2.6 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 2 मि.मी. तथा रहटगांव में 25 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 890.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 762.5 मि.मी., टिमरनी में 1057.6 मि.मी., खिरकिया में 927.5 मि.मी., सिराली में 893.7 तथा रहटगांव में 811.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 31 अगस्त तक 823.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

---

जनशिक्षा केंद्र सोडलपुर ने सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया

रहटगांव।



जनशिक्षा केंद्र सोड़लपुर की और से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक अशोक बाजपेयी, सहायक शिक्षक गाड़ामोड खुर्द एवं मुरलीधर इंदौरे सहायक शिक्षक पड़वा का सेवानिवृत कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेंद्र उपाध्याय ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश शर्मा हरदा, योगेश दुबे, ज्ञानेश चौबे, उमेश शर्मा, ओमप्रकाश शुक्ला, उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत सम्मान शिक्षकों द्वारा पुष्पहार, शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। अशोक बाजपेयी एवं मुरलीधर इन्दौरे जी उपस्थित सभी शिक्षक साथियों के द्वारा साफा, शाल ,श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर निशा दुबे, सुनील दुबे, आरती गौर, मिलन बाजपेयी, रामदास सोलंकी, चेन सिंह राजपूत, उमेश चौहान, ओमप्रकाश कुर्मी, महेश भाटी, संतोष गौर, सतीश वर्मा, अर्जुन मौर्य, सुबोध जोशी, शिवनारायण गुर्जर, रामशंकर मालवीय, ओमप्रकाश राठौर, बालकृष्ण सांखला, तुलसीराम कौशल, राजेंद्र सोनी एवं जनशिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। मंच का संचालन रामकृष्ण गौर एवं राजेश गुर्जर के द्वारा किया। कैलाश शुक्ला द्वारा किया गया।

---

सत्यसांई यूनिवर्सिटी के कुलगुरु बोले सुगम हुए रोजगार के अवसर

# दूसरे दिन 37 को मिला रोजगार और फिर हुआ रोजगार मेले का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देश की प्रगति एवं औद्योगिक उन्नति में सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर के प्रांगण में निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियर्यां जैसे टाटा प्रोजेक्ट, हाक्सवेल, कल्पतरू, ए.डी.सी. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, शिव शक्ति प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि ने युवा बेरोजगारों को उनकी गुणवत्ता के आधार रोजगार और कोशल के समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रोजगार मेले के दूसरे दिन कंपनी के सभी ऑफिशल्स ने चयनित युवाओं को कंपनी की पॉलिसी और नॉर्म्स के बारे में बताया और कंपनी का प्रेजेंटेशन रखा। सीआईडीसी के डायरेक्टर जनरल डॉ प्रिय रंजन स्वरूप ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संस्था के कुलगुरु प्रोफेसर मुकेश तिवारी ने बताया कि रोजगार मेले के इस आयोजन से छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर सुगम हुए उन्होंने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

अगले वर्ष भी रोजगार मेले के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान करने की बात कहीं। इस समय कार्यक्रम में संस्था के कुल सचिव डॉ हेमंत शर्मा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर , सभी डीन एवं प्राचार्य , और शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार और सफल संचालन अंकित जोशी ने किया।

---

# भव्य रूप से किया जाएगा हनुमान मंदिर का निर्माण



**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड पर भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यहां पर बाहर के कलाकारों के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे की प्रेरणा और मार्गदर्शन एवं समिति अध्यक्ष समाजसेवी रुद्र कुमार राठौर सहित समस्त नगरवासियों के सहयोग से बस स्टैंड पर सिद्ध हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। जीर्णोद्धार के बाद भव्य स्वरूप लिए इस मंदिर की आवश्यकता अनुरूप अध्यक्ष एवं समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पंडित श्री कटारे बाबा के मार्गदर्शन में उनके साथ महेश मीणा, दुर्गेश तिवारी और गुड्डू विश्वकर्मा ने चीचली जिला नरसिंहपुर से मंदिर के लिए आवश्यक सामग्री,दो विशालकाय घंटे जिनका वजन 240 किलोग्राम है के साथ एक गदा, कलश, शंख सहित अन्य सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे। मंदिर पर अध्यक्ष सहित उपस्थित समिति के सदस्यों एवं पुजारी एवं भक्तजनों ने सभी का स्वागत किया और अगली कार्ययोजना पर चर्चा की।